आईआईएम रांची के 281 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

सफलता

रांची | संवाददाता

भारतीय प्रबंध संस्थान रांची ने अपने एमबीए और एमबीए एचआर कार्यक्रम 2019-21 के लिए समर प्लेसमेंट पूरा कर लिया है। इस वर्ष 281 छात्रों (एमबीए में 207 और एमबीए एचआर में 74) के नियुक्ति लिए 125 कंपनियों ने भागीदारी की।

एमबीए बैच के लिए औसत छात्रवृत्ति में पिछले वर्ष की तुलना में 5.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 95,696 रुपये है।

एमबीए एचआर बैच के लिए औसत छात्रवृत्ति 1,00,171 रुपये है, जो 5.27 प्रतिशत बढ़ा हुआ है।

एमबीए बैच के शीर्ष 25 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए औसत छात्रवृत्ति 1,92,509 और एमबीए एचआर बैच के शीर्ष 25 प्रतिशत वालों के लिए औसत छात्रवृत्ति 1,97,282 रुपये है।

सीआईटी में गुरुवार को शिक्षकों के साथ कैंपस सेलेक्शन में चयनित विद्यार्थी।

आईआईएम के प्लेसमेट सेल के अधिकारी ने बताया कि छात्रों को मुख्यतः सेल्स एंड मार्केटिंग, फाइनेंस, ऑपरेशनस एंड जेनेरल मैनेजमेंट, आईटी एंड एनालिटिक्स, स्ट्रेटजी एंड कंसल्टिंग और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम करनेवाली कंपनियों में इंटर्नशिप मिली है।

इन कंपनियां में प्लेसमेंट : विद्यार्थियों को गूगल, जेपी मॉर्गन चेस, केपजेमिनी, कार्मिस, डेलोइट, इमामी, बर्जर पेंट्स, एचपी, आईसीआईसी - आई बैंक, आईसीआईसीआई लोंबार्ड, लार्सन एंड टुब्रो, रॉबर्ट बॉश, सैमसंग आर एंड डी, सदरलैंड ग्लोबल, टाटा स्टील, वैल्यू लेब्स, वेदांता और विप्रो कंजूमर आदि में प्लेसमेंट मिला है।

52 नियोक्ताओं ने पहली बार संस्थान के छात्रों को नियुक्ति का अवसर प्रदान किया है।

Hindustan, 07.02.2020, Pg. 02 (supl.)